# ट्रकिंग क्यूब पर 100 करोड़ रुपए निवेश करेगा अग्रवाल मूवर्स ग्रुप

MAR 09, 2016

ट्रकों के जरिये देशभर में माल परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने वाले अग्रवाल मूवर्स ग्रुप ने गंतव्य स्थलों तक ग्राहकों के सामान सुरक्षित पहुंचाने के लिए ट्रकिंग क्यूब की खरीद पर अगले तीन साल में 100 करोड़ रुपए निवेश करने की योजना बनाई है।

ट्रकिंग क्यूब स्टील का बना आईएसओ प्रमाणित कंटेनर होता है, जिसमें वस्तु खासकर खाने-पीने की चीजों व दवाइयों के खराब होने की गुंजाइश न के बराबर रहती है। अग्रवाल मूवर्स ग्रुप के चेयरमैन रमेश अग्रवाल ने बताया, वस्तुओं के ट्रांसशिपमेंट (सामान को एक वाहन से उतारकर दूसरे वाहन पर चढ़ाने) से चीजें समय से पहले खराब हो जाती हैं। इससे बचने के लिए हमने ट्रकिंग क्यूब अपनाना शुरू किया है।

उन्होंने कहा, हमारी कंपनी अग्रवाल पैकर्स एंड मूवर्स लिमिटेड ने ट्रकिंग क्यूब की खरीद पर अभी तक 16 करोड़ रुपए का निवेश किया है और अगले तीन साल में 100 करोड़ रुपए का निवेश करने की हमारी योजना है। ट्रकिंग क्यूब से पैकेजिंग लागत 6 प्रतिशत तक घट जाती है व सेवा में 200प्रतिशत तक सुधार आता है। अग्रवाल ने कहा कि कंपनी अगले ढाई साल में ट्रकिंग क्यूब की संख्या मौजूदा 2,000 से बढ़ाकर 10,000 पर पहुंचाएगी। इनमें 4 फुट से लेकर 20 फुट तक की लंबाई के क्यूब शामिल हैं। कारोबार विस्तार पर उन्होंने कहा कि कंपनी ने अगले चार-पांच साल में कारोबार2,000 करोड़ रुपए पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, जो अभी करीब 500 करोड़ रुपए है।